आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
2	3

अभिलेख उपस्थापित।

श्रीमती मनवा देवी पति स्व0 बासु देव रविदास, निवास स्थान–जेलमा, पोस्ट–लुपुंग, थाना–कटकमसांडी, जिला–हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के अन्तर्गत अंचल–कटकमसांडी, मौजा–जैलमा, थाना नं0–66, खाता संख्या–04, प्लॉट संख्या–305, रकवा–0.08 एकड़ (आठ डिसमिल) भूमि श्रीमती गुडिया देवी पति भीम कुमार राम, निवास स्थान ग्राम–कनकी, पोस्ट–डाड़ी, थाना–गिद्दी 'ए', जिला–हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदिका एवं प्रस्तावित केता का जाति, आवासीय प्रमाण–पत्र की छायाप्रति, निबंधित केवाला की छायाप्रति एवं अन्य कागजात संलग्न करते हुए ऑनलाईन आवेदन Acknowledgement No.-RCMSON22014154 समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-32/2022 प्रारम्भ कर कार्यालय पत्रांक 358/रा0 दिनांक 24.01.2022 द्वारा अंचल अधिकारी, कटकमसांडी को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया।

अंचल अधिकारी, कटकमसांडी के पत्रांक 222 दिनांक 04.04.2021 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, कटकमसांडी द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि –

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं जिला हजारीबाग के निवासी हैं। आवेदित भूमि केवाला से हासिल है। खतियान के अनुसार प्रश्नगत् भूमि रैयती खाते की भूमि है। खतियानी रैयत जहना चमार, नन्हु चमार हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 5.72 एकड़ है। पंजी–II अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित कुल रकवा 01 हेक्टेयर 18.39 डिसमिल है। पंजी–II के पृष्ठ संख्या-134/I पर विक्रेता की सास स्व0 एतवरिया देवी के नाम से जमाबंदी दर्ज है। वर्ष 2021–22 तक लगान रसीद निर्गत् है। आवेदिका जमाबंदी रैयत की पुत्र वधु हैं। आवेदिका द्वारा धारित कुल रकवा 01 हेक्टेयर 18.39 डिसमिल भूमि है। भूमि बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् आवेदिका के पास रकवा 01 हेक्टेयर 10.39 डिसमिल भूमि बचेगी। प्रस्तावित

अनुसूची–14 फारम सं0–563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख के साथ
1	2	
	भूमि भूदान/भू–अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन भूमि/सरकारी भूमि के अन्तर्गत नहीं है। साथ ही BLR Act Section 4h से मुक्त है। प्रश्नगत् भूमि आवेदिका के दखल कब्जा में है। प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है। अंचल अधिकारी, कटकमसांडी द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है। उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, कटकमसांडी के अनुशंसा के आलोक में श्रीमती मनवा देवी पति स्व0 बासु देव रविदास, निवास स्थान–जेलमा, पोस्ट–लुपुंग, थाना–कटकमसांडी, जिला–हजारीबाग को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के अन्तर्गत अंचल–कटकमसांडी, मौजा–जैलमा, थाना नं0–66, खाता संख्या–04, प्लॉट संख्या–305, रकवा–0.08 एकड़ (आठ डिसमिल) भूमि श्रीमती गुडिया देवी पति भीम कुमार राम, निवास स्थान ग्राम–कनकी, पोस्ट–डाड़ी, थाना–गिद्दी 'ए', जिला–हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है। लेखापित एवं संशोधित 17/9/22 अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग। 17/9/22 अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।	जेलमा थाना नं. 66 खाता ... प्रखण्ड ... जिला ...

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2022.09.14 16:02:17 +05:30
Location: 192.168.100.2